# साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली

## महाविद्यालयीय समाचार-पत्र



## 1 अप्रैल – 30 जून

साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली के महाविद्यालयीय समाचार-पत्र में आपका स्वागत है! हमें आपके सामने अपने समाचार पत्र का नवीनतम संस्करण प्रस्तुत करते हुए अपार खुशी हो रही है, जिसका उद्देश्य हमारे प्रतिष्ठित छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों, पूर्व छात्रों और शुभचिंतकों को हमारे प्रतिष्ठित संस्थान में होने वाली रोमांचक घटनाओं से अद्यतन रखना है। यह समाचार-पत्र उन उल्लेखनीय उपलब्धियों, प्रेरक कहानियों और उल्लेखनीय घटनाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है जो हमारे महाविद्यालय समुदाय को वास्तव में असाधारण बनाती हैं।

साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में, हम एक समग्र शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे छात्रों को अकादमिक रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने, व्यक्तिगत रूप से विकसित होने और जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनने के लिए सशक्त बनाता है। हमारे समर्पित संकाय सदस्य प्रतिभा को निखारने, आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने और हमारे छात्रों में आजीवन सीखने का जुनून पैदा करने का प्रयास करते हैं।

इस संस्करण में, आप विभिन्न शैक्षणिक विषयों, सह–पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों और खेल आयोजनों में हमारे छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में पढ़ने के लिए उत्सुक हो सकते हैं। अनुसंधान की सफलताओं से लेकर सांस्कृतिक उत्सवों तक, हम उन सफलता की कहानियों को साझा करने में गर्व महसूस करते हैं जो हमारे महाविद्यालय समुदाय की जीवंतता और विविधता को दर्शाती हैं।

हमारा उद्देश्य आपको हमारे महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न पहलों, कार्यशालाओं, सेमिनारों और सम्मेलनों के बारे में सूचित रखना, सीखने के अमूल्य अवसर प्रदान करना और हमारे छात्रों के बीच बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, आप प्रसिद्ध संस्थानों के साथ हमारे सहयोग पर अद्यतन पाने की उम्मीद कर सकते हैं, जो हमारे शैक्षणिक कार्यक्रमों को समृद्ध करने और हमारे छात्रों के क्षितिज को व्यापक बनाने वाले सहयोगी प्रयासों पर प्रकाश डालते हैं।

हम आपको इस समाचार पत्र के पन्नों को गहराई से देखने और उन असंख्य उपलब्धियों, घटनाओं और मील के पत्थर की खोज करने के लिए आमंत्रित करते हैं, जिन्होंने पिछले महीनों को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के लिए वास्तव में उल्लेखनीय बना दिया है। हमारे महाविद्यालय समुदाय में आपका निरंतर समर्थन और भागीदारी अमूल्य है, और हमें उम्मीद है कि यह समाचार पत्र हमारे बंधन को मजबूत करने और आपको हमारे महाविद्यालय की यात्रा से जोड़े रखने के माध्यम के रूप में कार्य करेगा।

एक बार फिर, हम आपका हार्दिक स्वागत करते हैं और आपको महाविद्यालय समाचार पत्र के इस संस्करण का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि यह संस्करण आपको साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली को परिभाषित करने वाले गतिशील और जीवंत माहौल की एक झलक प्रदान करेगा।

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ,

प्रधान संपादक

दिनांक 1 मई 2023 को साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में पर्यावरण संवेदनशीलता प्रकोष्ठ द्वारा डॉ0 रीना टंडन एवं श्रीमती अर्चना शर्मा के नेतृत्व में श्रम दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा ने महाविद्यालय की समस्त कर्मचारियों को श्रम दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान स्वरूप पौधे भेंट किए तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का भी संदेश दिया। उन्होंने छात्राओं को कहा कि हमें सभी के कार्यों का सम्मान करना चाहिए कोई कार्य छोटा बड़ा नहीं होता सभी कार्यों का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। पर्यावरण प्रकोष्ठ की छात्राओं द्वारा वेस्ट मटेरियल से फ्लावर पॉट बनाए गए जिसकी सभी ने अत्यधिक प्रशंसा की।

**श्रम कर परिवार चलाने वा**
**का हमेशां करो सम्मान**

आसमां तक रिपोर्टर

**बरेली।** साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में पर्यावरण संवेदनशीलता प्रकोष्ठ द्वारा डॉ रीना टंडन एवं श्रीमतीअर्चना शर्मा के नेतृत्व में श्रम दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा ने महाविद्यालय की समस्त कर्मचारियों को श्रम दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान स्वरूप पौधे भेंट किए तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का भी संदेश दिया। उन्होंने छात्राओं को कहा कि हमें सभी के कार्यों का सम्मान करना चाहिए कोई कार्य छोटा बड़ा नहीं होता सभी कार्यों का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। पर्यावरण प्रकोष्ठ की छात्राओं



द्वारा वेस्ट मटेरियल से फ्लावर पॉट बनाए गए जिसकी सभी ने अत्यधिक प्र

दिनांक 19.5.23 साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में नवनिर्मित स्थल सूरज चौक ,डिजिटल हॉल तथा फैशन डिजाइनिंग की हाईटेक लैब का उद्घाटन किया गया सूरज चौक का उद्घाटन प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री विजय गोयल जी के कर कमलों द्वारा किया गया जिसमें प्रबंध समिति के अन्य सदस्य डॉ आर एन मेहरा, श्री मनोज गोयल, श्री संजीव गोयल, श्री मनोज मंगल,डॉ शशि बाला राठी ,डॉ एन एल शर्मा एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहे ।महाविद्यालय सूरज चौक महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय सूरज अवतार की स्मृति में निर्मित किया गया है। स्वर्गीय सूरज अवतार जी महिला सशक्तिकरण के प्रबल समर्थक थे इसीलिए इस उपलक्ष्य में सूरज चौक में बैडमिंटन कोर्ट व डिजिटल हाल बनाया गया है। वर्चुअल हॉल में अत्याधुनिक तकनीक युक्त सभी सुविधाएं हैं ताकि छात्राएं नई तकनीक द्वारा पठन–पाठन कार्य कर सकें। आज उद्घाटन के अवसर पर स्मार्ट बोर्ड पर विभिन्न विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा पी.पी.टी. के माध्यम से प्रस्तुति दी गई जिसमें डॉ प्रीति वर्मा

ने योग के विषय में रोचक तरीके से समझाया एवं ज्ञानवर्धक किया। हिंदी विभाग की डॉ प्रतिभा पांडे ने हिंदी में वर्तनी के प्रयोग को समझाया ।





साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में आज आज दिनांक 23 मई को साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा एक पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रोग्राम आयोजित कराया गया। एम ए प्रथम वर्ष की छात्राओं ने विभिन्न कवियों, नाटककारों, निबंधकारों, व उपन्यासकारों पर पीपीटी बनाएं और नवनिर्मित वर्चुअल हॉल में स्थापित स्मार्ट बोर्ड पर अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी।






दिनांक 5 जून 2023 को उत्कर्ष ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के सहयोग से साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली में 20 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला सोमवार से प्रारंभ हुई। ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का उद्घाटन कला भूषण डॉ राजेंद्र सिंह पुंडीर ,पूर्व दर्जा राज्यमंत्री, द्वारा कैनवास पर श्री गणेश लिखकर किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए कला एवं से जुड़ना जरूरी है, अतः कला संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजिका डॉ गीता अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में छात्र–छात्राओं को चित्रकला की बारीकियां, विषय विशेषज्ञों द्वारा सीखने को मिलेंगी पहले दिन कार्यशाला में काफी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान अच्छा कार्य करने वाले दोनों वर्गों के 5–5 शिक्षार्थियों को अकादमी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद सभी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।






साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में दिनांक 5 .6.23 को पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनवायरमेंटल सेंसिबिलिटी सेल द्वारा डॉ रीना टंडन के नेतृत्व में छात्राओं ने पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया ।पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा ने कला भूषण डॉ राजेंद्र सिंह पुंडीर पूर्व दर्जा मंत्री, सुप्रसिद्ध चित्रकार श्री दिवाकर आर्या , सुप्रसिद्ध कवि श्री रोहित राकेश आदि को पौधे भेट किए।




दिनांक 17/06/2023 को साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली , में राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई की स्वयं सेविकाओं द्वारा योग सप्ताह के अंतर्गत योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास किया गया , जिसमें चक्रासन, गरुड़ासन, ताड़ासन, एवं सूर्य नमस्कार की क्रिया प्रमुख थी। स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को भी योग करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही यह भी बताया कि योग के माध्यम से हम अपने जीवन को अत्यधिक स्वस्थ और निरोग बना सकते हैं, योग की विभिन्न क्रियाएं महाविद्यालय की योग शिक्षिका श्रीमती शारदा द्वारा संपन्न कराया गया कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वितीय इकाई डॉ प्रीति सिंह द्वारा किया गया।



दिनांक 21/06/2023 को आयुष मंत्रालय द्वारा चयनित इस वर्ष की थीम, वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर, वन वर्ल्ड वन हेल्थ विषय पर महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली की राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना अधिकारी डॉ प्रीति सिंह के नेतृत्व में प्रथम इकाई एवं द्वितीय इकाई की स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य संपूर्ण विश्व में लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और इससे होने वाले लाभ को सभी जन तक पहुंचाना है इसलिए आप सभी भी करे योग रहे निरोग।



## 25.06.23 में 05.06.2023 से चल रही कार्यशाला का समापन हुआ

# चित्रकला कार्यशाला में 50 छात्राओं ने लिया प्रशिक्षण



**बरेली, अमृत विचार** : साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के चित्रकला विभाग में रविवार को 20 दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ और जोधपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आरपी सिंह और विशिष्ट अतिथि उत्कर्ष ललित कला अकादमी के अध्यक्ष डॉ. आरएस पुंडीर रहे। विभाग प्रभारी डॉ. गीता अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में 50 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में विभिन्न राज्यों की लोक कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया जो अब धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं। लिप्पन आर्ट गुजरात, वाश पेंटिंग पश्चिम बंगला और पिछवाई पेंटिंग राजस्थान की क्रिएटिव वीविंग बहुत ही आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा, डॉ. स्मिता, पूजा वाजपेई, दिवाकर आर्या, शिक्षक कविता यादव, ऋतु शर्मा, अमन अग्रवाल, छात्रा शिल्पा वर्मा, अनन्या मेहरोत्रा, गौरी शर्मा, दिव्यांशिका तोमर, नैना अग्रवाल, मान्या शिवन्या, आरोही इशिका और आराध्या, अमरीन वासी, फरहीन वासी मौजूद रहे।

# समाचार-पत्र समिति



**संरक्षक :**

प्रो0 अनुपमा मेहरोत्रा

**सम्पादक मण्डल :**

डॉ0 प्रतिभा पाण्डे

डॉ0 अनीता

श्रीमती श्वेता मौर्या

डॉ0 बीना यादव